Gmail: delhitimesnews@gmail.com

दिल्ली टाइम्स न्यूज का प्रकाशन

RNI.No. 6609/1997

Delhi Times News
मीडिया MEDIA
www.delhitimesnews.com

लोकप्रिय
# दिल्ली टाइम्स
जनता की निर्भीक आवाज
www.delhitimesnews.com
समर्पण समाज को





वर्ष : 30 —— अंक : 12 | नई दिल्ली, 23 मार्च से 29 मार्च 2026 | मूल्य: 2 रुपए | पृष्ठ: 04 | प्रधान संपादक : डॉ जसबीर आर्य | प्रभारी संपादक: अजीत स्वामी | हेल्प लाइन:9212412283

## संक्षिप्त समाचार

## 11 साल में दिल्ली की हालत हुई खराब: प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली:** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन विपक्षी सदस्यों का सत्र का बायकॉट दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब हमारे विपक्ष के साथियों को पता लगा कि पीएसी की रिपोर्ट आ रही है, कैग की रिपोर्ट आ रही है और जो पिछले एक साल में सरकार द्वारा कार्य किए गए हैं दिल्ली में उनके बारे में बताया जाएगा और इससे घबरा कर और अपनी गलतियों का सामना नहीं कर पाना साबित करता है। जो उन्होंने चोरियां की, जो उन्होंने लूट की, जब वो सारी रिपोर्ट आ रही है तो उससे बचकर भागना और विधानसभा के परिसर के बाहर में झूठा प्रदर्शन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में दिल्ली की हालत बहुत खराब हुई। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली सरकार, मुख्यमंत्री, हमारे सारे मंत्री, सारे विधायक अपने अपने क्षेत्रों में अच्छा कार्य हो। हर विभाग द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र को पैसा दिया जा रहा है ताकि अच्छे कार्य हो और अच्छे कार्य होना प्रारंभ हो। इन सब बातों से बचने के लिए आज वो यहां से भाग कर जा रहे हैं, पीछा छुड़ा रहे हैं।

## एमसीडी ने रेल लॉजिस्टिक्स के माध्यम से 250 मीट्रिक टन लेगेसी कचरा हटाया

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम ने संकरे रास्तों वाले दया बस्ती रेलवे स्टेशन स्थल पर बड़े पैमाने पर लेगेसी कचरा हटाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया है। यह पहल चुनौतीपूर्ण और दुर्गम क्षेत्रों में से एक में लंबे समय से जमा कचरे के निस्तारण और स्वच्छता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गंभीर लॉजिस्टिक चुनौतियों से निपटने के लिए बीआरएन रेलवे वैगनों का रणनीतिक रूप से उपयोग कर कचरे को उठाने और उसके परिवहन की व्यवस्था की गई।

इस पहल ने एमसीडी को घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में, जहां पारंपरिक तरीके लागू करना कठिन होता है, कचरा हटाने के कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सक्षम बनाया। निर्धारित रेलवे लाइन ब्लॉकेज के दौरान, वरिष्ठ जोनल अधिकारियों की उपस्थिति में कूड़े का लोडिंग कार्य किया गया। कुल 10 बीआरएन वैगनों को सफलतापूर्वक लोड किया गया, जिससे दया बस्ती स्थल से लगभग 250 मीट्रिक टन लेगेसी कचरा हटाया गया।

करोल बाग जोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कहा कि यह पहल दिल्ली में अपनी तरह का पहला मॉडल है, जो लेगेसी कचरे के निस्तारण के लिए रेलवे लॉजिस्टिक्स के प्रभावी उपयोग को दशार्ता है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के प्रयास घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जारी रहेंगे।

## अवैध कनेक्शनों पर लगेगा अंकुश

**नई दिल्ली:** दिल्ली के नागरिकों को वर्षो से परेशान कर रही पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने पानी के बिलों को लेकर बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुएने करीब 35 लाख उपभोक्ताओं के लिए घर-घर जाकर ई-केवाईसी और डिजिटल डेटा अपडेट का अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

## विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली का संकल्प खीर सेरेमनी के साथ बजट सत्र शुरू

डॉ. जसबीर आर्य ( Ph.D )



**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को खीर सेरेमनी के साथ शुरू हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह बजट राजधानी के लगभग 3 करोड़ दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि खीर सेरेमनी न केवल बजट प्रक्रिया की पारंपरिक शुरूआत है, बल्कि यह समृद्धि, शुभता और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में दिखाई देगा। खीर सेरेमनी में मुख्यमंत्री के साथ किसान, स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, डॉक्टरों, किन्नर समाज के लोग, महिला ड्राइवर आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा सहित विधायकगण और अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

### पीएम मोदी को सीएम रेखा ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबसे लंबे समय तक सरकार प्रमुख बने रहने पर दिल्ली विधानसभा ने सोमवार को अभिनंदन प्रस्ताव पारित कर बधाई दी गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री ने एक संत की तरह देश की सेवा की और राष्ट्र के विकास तथा सेवा के लिए समर्पित एक जीवन जिया है। मैं दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की ओर से उन्हें बधाई देती हूं।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख बनने का नया रिकार्ड कायम किया है। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने अभिनंदन प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, सत्ता को सेवा का माध्यम मानने वाले प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ने पिछले वर्ष दिल्लीवासियों तक पहुंच बनाई है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को समाज के सभी वर्गो का आशीर्वाद प्राप्त है।भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय, शिखा राय ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। प्रस्ताव को विधानसभा में पारित कर दिया गया।

## पोचनपुर में अखिल भारतीय सहरावत खाप सालाना राष्ट्रीय भाईचारा मिलन,महापंचायत व प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

मारी दास

नई दिल्ली (टाइम्स ब्यूरो): पोचनपुर द्वारका सेक्टर-23 रॉयल पैलेस गार्डन में भारतीय सर्वधर्म सर्वजातीय सहरावत खाप द्वारा राष्ट्रीय सालाना चतुर्थ भाईचारा मिलन समारोह भव्य तरीके से हुआ आयोजित। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पश्चिमी दिल्ली सांसद कमलजीत सहरावत,मटियाला विधायक संदीप सहरावत,पूर्व विधायक धर्मदेव सोलंकी,निगम पार्षद मनीषा राजपाल सहरावत,सविता पवन शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति की जाहिर। इस भव्य कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम में सफल रहे समस्त भारत से जाट समाज के चिन्हित होनहार छात्रों जिनमें दिल्ली प्रदेश 36 बिरादरी में सर्वधर्म सर्वजातीय तहत सहरावत खाप के अलावा नेहरा खाप,जनक खाप,अन्य संगठनों के अलावा कई गांवो की सरदारी व 110 गणमान्य संगठनों ने कार्यक्रम में पहुंचकर चयनित छात्रों में शिखा सहरावत,हर्ष नेहरा,देवेन्द्र लाम्बा,प्रवीण टोकस,गौरव धायल,विकास कुंडू,एकांश ढुल,मानसी डागर, प्रख्या गुलिया,अंशिका सांगवान, राहुल पातड़,अंकिता सिवाच,दिशा धनखड़,मोहित मिटान,मंजीत कँवाली,विपिन चौधरी इत्यादि को



सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहरावत खाप के राष्ट्रीय प्रधान चौधरी मूलचंद सहरावत,हिरण कूदना,पोचनपुर खाप दादा 100 वर्षीय चौधरी नाहर सिंह सहरावत मुख्य संयोजकों में सफल संचालन खाप के राष्ट्रीय संयोजक चौधरी संदीप सहरावत बिरोहड के अलावा अधिवक्ता वजीर सहरावत बक्करवाला व अधिवक्ता सुरेन्द्र चौधरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में समस्त भारत से सहरावत भाईचारे के अलावा अन्य तमाम खापों ने अग्रसरित तौर पर की शिरकत। सहरावत खाप द्वारा समाज सेवा में निरंतर किए जा रहे सार्थक सामाजिक कार्यो को सभी खापों व संगठनों ने बखूबी तौर पर सराहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में गणमान्य संगठनों में मुख्य रूप से उत्तर भारत की लगभग सभी खापों के प्रतिनिधि,किसान मजदूर संगठन एचौधरी छोटू राम धाम की टीम, आरएसएस के सदस्यगण,देश विदेश दुबई से नेहरा खाप के अंतर्राष्ट्रीय प्रधान चौधरी प्रदीप नेहरा,बाड़मेर से पहुंची नेहरा खाप सरदारी, बिजनौर और बिहार के अलावा दूरदराज से आए सभी भाईयों का विशेष सहयोग रहा। ओल्ड रोहतक जिला की सभी खापों की मासिक मीटिंग भी यहीं पर हुई जिसमें सम्बन्धित विषयों पर मंथन किया गया। मंच के माध्यम से 25 अप्रैल 26 को देशवाल माहवार आगामी मासिक बैठक चबूतरा लाढ़ौत में किए जाने का हुआ ऐलान। सबसे पहले दादा खेड़ा बाबा श्री श्याम मंदिर से सहरावत रथ में होनहार बेटी शिखा सहरावत को पूरे हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। गांव पोचनपुर की सरदारी व सहरावत खाप प्रतिनिधियों ने विशेषकर बेटी शिखा को उसकी इस उपलब्धि पर गदा देकर किया सम्मानित। कुल मिलाकर यह भव्य समारोह संयोजित व चरणबद्ध तरीके से हुआ सम्पन्न।

## निगम: राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों एवं विद्यालयों में राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त, निगम के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। निगम के सभी 12 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं सभी निगम विद्यालयों में भी राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर सभी क्षेत्रीय उपायुक्त,कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से देशप्रेम एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को पुनर्बलन मिला। राष्ट्रीय गीत के गायन से छात्रों के अंदर राष्ट्र चेतना का सृजन करने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर निगमायुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन से हमारे अंदर स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित करने की भावना को बल मिलेगा एवं हमें संकल्प लेना है कि हम दिल्ली को सुंदर बनाने में अपना योगदान देंगे।

## राष्ट्रीय ड्राइवर संयुक्त मोर्चा समिति के तत्वावधान में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

नई दिल्ली (टाइम्स ब्यूरो): राष्ट्रीय ड्राइवर संयुक्त मोर्चा समिति के तत्वावधान में पिछले दो दिनों से देशव्यापी हड़ताल चल रही है। इसी क्रम में आज राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर हजारों की संख्या में ड्राइवर भाई, यूनियन, एसोसिएशन, संस्थाएँ, संगठन एवं विभिन्न ग्रुप के प्रतिनिधि अपनी माँगों को लेकर भव्य प्रदर्शन पर उतरे। मध्य प्रदेश से कैलाश प्रसाद गौतम एवं छत्तीसगढ़ से तुलसी वर्मा ने जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल आरंभ कर दी।

प्रदर्शन के दौरान मोर्चे के संस्थापक सुमेर अम्बावता एवं शैलेश पाठक ने स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार के समक्ष दो प्रमुख माँगें रखीं:

1. पूरे देश में राष्ट्रीय ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड की तत्काल स्थापना।
2. राष्ट्रीय ड्राइवर आयोग का गठन।

मोर्चे के नेताओं ने बताया कि देश में ड्राइवरों की संख्या करोड़ों में है, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। फिर भी इनके हितों की रक्षा के लिए कोई राष्ट्रीय स्तर का संस्थान नहीं है। इस कमी को दूर करने के लिए कर्नाटक, ओडिशा एवं असम जैसे राज्यों में पहले ही ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड बन चुके हैं। इन राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने प्रदर्शन में भाग लिया और अपने-अपने राज्य के बोर्ड के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि बोर्ड बनने के बाद ड्राइवरों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, दुर्घटना बीमा, शिक्षा सहायता तथा अन्य अनेक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है।

प्रदर्शन में देश के हर कोने से आए राज्य-स्तरीय लीडरों ने अपनी-अपनी समस्याएँ बड़ी मजबूती से रखीं। प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं:

- किराए में उचित वृद्धि (फेयर रिवीजन)
- ड्राइवरों की सुरक्षा (खासकर रात्रि यात्रा, लंबी दूरी एवं महिला ड्राइवरों के लिए)
- अन्य क्षेत्रों (ट्रांसपोर्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, लेबर लॉ आदि) से जुड़े कानूनों का लगातार उल्लंघन
- दुर्घटना बीमा, पेंशन, मेडिकल सुविधा एवं बच्चों की शिक्षा के लिए योजनाएँ
- ट्रक, बस, टैक्सी, ऑटो, ई-रिक्शा, कैब आदि सभी वर्ग के ड्राइवरों को एक छत्र सुरक्षा

संस्थापक सुमेर अम्बावता ने कहा, हमारा आंदोलन किसी के विरुद्ध नहीं, बल्कि ड्राइवरों के हितों की रक्षा के लिए है। अगर केंद्र सरकार दो माह के अंदर राष्ट्रीय ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड एवं ड्राइवर आयोग का गठन नहीं करती, तो यह आंदोलन और अधिक तीव्र, व्यापक एवं लंबा चलेगा।

श्री शैलेश पाठक ने जोड़ते हुए कहा, दो दिनों की हड़ताल से ही पूरे देश में परिवहन व्यवस्था प्रभावित हुई है। अगर माँगें नहीं मानी गईं तो हम अनिश्चितकालीन हड़ताल, रेल-रोको, हाईवे जाम और बड़े पैमाने पर दिल्ली मार्च की तैयारी कर रहे हैं।

## अवैध कनेक्शनों पर लगेगा अंकुश

**नई दिल्ली:** दिल्ली के नागरिकों को वर्षो से परेशान कर रही पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने पानी के बिलों को लेकर बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुएने करीब 35 लाख उपभोक्ताओं के लिए घर-घर जाकर ई-केवाईसी और डिजिटल डेटा अपडेट का अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

डीजेबी के इस अभियान ने पानी के ज्यादा या गलत बिल आने की उपभोक्ताओं की समस्या दूर होगी, वहीं अवैध पानी कनेक्शन को रेगुलाइज करने तथा नए अवैध कनेक्शनों पर अंकुश लगाने का कार्य कीगी। बता दें के दिल्ली के कई इलाके में आज भी पानी के अवैध कनेक्शन हैं, इसमें सबसे ज्यादा अनधिकृत कॉलोनियों में अवैध पानी कनेक्शन की भरमार है। गौरतलब है कि डीजेबी ने भी माना है कि सिर्फ 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही समय पर सही बिल मिल रहा हैं। इस कारण लोग ज्यादा रकम की पानी की बिल की समस्या से परेशान है। डीजेबी के अनुसार कई क्षेत्रों विशेषकर अनधिकृत कॉलोनियों में अवैध पानी कनेक्शन की समस्या है। पिछले साल से डीजेबी ने पानी कनेक्शन वैध कराने के लिए इस साल के 31 जनवरी तक जुमार्ना राशि में छूट दी गई थी। अवैध पानी व सीवर के कनेक्शन को वैध कराने के लिए घरेलू उपभोक्ता से 25000 रुपए जुमार्ना लिया जाता था। लेकिन दिल्ली सरकार ने कनेक्शन वैध कराने का दर मात्र एक हजार रुपए दिया था। गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता से 61000 रुपए के स्थान पर पांच हजार रुपए लेने की कवायद शुरू की गई थी। इसके बाद भी अवैध पानी व सीवर कनेक्शन की समस्या बरकार है।

अब दिल्ली सरकार के निर्देश पर डीजेबी ने उपरोक्त उन खामियों को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिनकी वजह से उपभोक्ताओं का सिस्टम पर भरोसा कमजोर हुआ था। दरअसल दिल्ली के लोग अपने पानी के बिल भरना चाहते हैं और कनेक्शन वैध कराकार अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं। लेकिन समस्या तब होती है जब अचानक अत्यधिक बिल आ जाता है, मीटर काम नहीं करता या बिल समय पर घर तक नहीं पहुंचता। इस कारण पानी के अवैध कनेक्शन वैध कराने से लोग कतराते हैं। डीजेबी अध्यक्ष व जल मंत्री प्रवेश सिंह वर्मा ने हाल ही में दावा किया है कि अगले 6 महीनों में हर उपभोक्ता का डिजिटल रिकॉर्ड सत्यापित किया जाएगा, जिससे विवादों में कमी आएगी और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही किराड़ी और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को राहत देते हुए दिल्ली जल बोर्ड ने बड़े पैमाने पर हाउस सर्विस सीवर कनेक्शन को मंजूरी दी है।

मीडिया में जनसेवा भी - रोजगार भी

क्या आप एक सफल पत्रकार बनना चाहते है?
क्या आप जनता की आवाज बनना चाहते है?
क्या आप मीडिया में अपना भविष्य बनाना चाहते है?
क्या आप जनता की सेवा/ सहायता / सुरक्षा करना चाहते है?

यदि हाँ, तो DTN मीडिया की प्रेस, टी० वी० एवं साईबर समाचार एजेंसी में है आपके लिये निम्न प्रकार के कुछ सुनहरे अवसर जैसे:-

यदि आप पत्रकारिता सीखना चाहते है?

तो आप DTN की मीडिया एकेडमी में प्रवेश लेकर पत्राचार द्वारा घर बैठे 6 माह का पत्रकारिता प्रशिक्षण कोर्स उतीर्ण करें जिसका शुल्क काफी कम है। कोर्स पूरा करने के बाद आप चाहें तो DTN या अन्य मीडिया में PRESS REPORTER की Job भी कर सकते है जिससे आपको समाज सेवा के साथ -साथ रोजगार भी मिल सकेगा।

यदि आप एक अनुभवी व कुशल पत्रकार है

तो आप DTN मीडिया में निम्न पदों पर कार्य कर सकते है:- जैसे प्रेस रिपोर्टर, फ्रीलांसर-पत्रकार, लेखक, विज्ञापन प्रतिनिधि/प्रबंधक, कैमरा मैन / फोटोग्राफर, ब्यूरो चीफ, राज्य प्रभारी, मीडिया सलाहकार, उपसंपादक, सह सम्पादक या समाचार सम्पादक आदि के रूप मे जुडकर अपना कैरियर बना सकते है।

कृपया अधिक जानकारी के निम्न पते पर शीध्र सम्पर्क करे:-

Delhi Times News PRESS DTN

DELHI TIMES NEWS
The National Press & TV News Media
Office: Plot No.4, chandra Park, (Opp. NSIT) Dwarka Mod Highway, New Delhi -110078
Helplines: 9868422283, 9968004686
E-mail: delhitimesnews@gmail.com
Website: www.delhitimesnews.com

NGO क्षेत्र में नाम, पावर व रोजगार

C.F.I.B. NATION FORCE

आप हमारे स्वंयसेवक बनकर किसी बेसहारा, दुःखी, रोगी, अन्याय पीड़ित व्यक्ति की मदद या उसे न्याय दिलवाने वाले सामाजिक कार्यो में अपना कैरियर बनाए।

CRIME FREE INDIA BUREAU
The National Anti Crime Force
Website: www.crimefreeindiabureau.com E- mail: cfibforce@gmail.com

क्या आप प्रेस-रिपोर्टर बनना चाहते है?

यदि हाँ ! तो आप प्रतिष्ठित दिल्ली टाइम्स न्युज मीडिया में अपने इलाके के पत्रकार बनकर जनता की आवाज बुलंद करें:-

DELHI TIMES NEWS
The National Press & TV News Media
E-mail: delhitimesnews@gmail.com
Website: www.delhitimesnews.com

क्या आप एक WOMEN RIGHT ACTIVIST बनना चाहती है?

यदि हाँ ! आप हमारी महिला समाज सेविका बनकर बिखरी नारी शक्ति को संगठित और सशक्त करने में अपना भविष्य बनाये। अधिक जानकारी हेतू सम्पर्क करें:-

NATIONAL WOMEN FORCE / राष्ट्रीय महिला सेना

पत्रकारों/लेखकों का आहवान

नेशनल मीडिया फोर्स (NMF) मीडिया व पत्रकारों की सुरक्षा, कल्याण, विकास, उन्नति व सेवा मे समर्पित एक शक्तिशाली राष्ट्रीय संगठन है। अतः आप नेशनल मीडिया फोर्स (NMF) से स्वयं जुड़े तथा औरो को भी जोड़े साथ ही अपने जिले में नेशनल मीडिया फोर्स (NMF) की एक शाखा का गठन कर अपनी नेतृत्व क्षमता, प्रतिभा व व्यक्तिव को एक नई पहचान दें।

कृपया मीडिया फोर्स के प्रदेश/जिला/ब्लाक अध्यक्ष बनने हुते शीघ्र सम्पर्क करें:-

NATIONAL MEDIA FORCE
(पत्रकारों की एक राष्ट्रीय सेना)
Website: www.nationalmediaforceindia.com E-mail: mediaforceindia@gmail.com

मेडिकल पेशे मे प्रतिष्ठा और कैरियर दोनों

- क्या आप आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी या एलोपैथी चिकित्सा के कुशल व अनुभवी अनरजिस्टर्ड प्रेक्टिशनर हैं?
- क्या आप Paramedical कोर्स करना चाहते है? यदि हाँ, तो आप भारत सरकार, WHO व सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित प्राथमिक चिकित्सा में Certified Paramedical Practitioner (CPMP) बनकर अपनी सम्बंधित पैथी में खुलकर चिकित्सा अभ्यास/व्यवसाय करें। अतः अधिक जानकारी हेतु शीध्र सम्पर्क करें।

GLOBAL HEALTH & MEDICAL COUNCIL
वैश्विक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परिषद
(Established Under the Central Law of ITA 1882 Vide Regd. 2570)
To Promote Quality Education, Research & Training in the Field of Health Care, Ayush, Paramedical Alternative Medicines, Traditional Therapies & Modern Medical System for disease free world

कृपया उपरोक्त संगठनों से संबंधी और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्न पते पर शीध्र सम्पर्क करें:

पंजीकृत कार्यालयः प्लाट न० 4, चन्द्रा पार्क, द्वारका मोड़ हाईवे (NSIT के सामने) नई दिल्ली-110078
प्रशासनिक कार्यालयः- प्लाट न० 3, हरि विहार, (मैट्रो पिलर न० 811 के सामने) द्वारका मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली:110078
हेल्पलाईनः 09868422283, 08368744424, 09212412283
मिलने का समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक/ रविवार अवकाश (कृपया आने से पूर्व सूचित करें)



# संपादकीय

डॉ. जसबीर आर्य (Ph.D)

## युद्ध सभ्य मानव समाज पर एक बदनुमा धब्बा

विश्व की सर्वोच्च एवं श्रेष्ठ संसद संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य राष्ट्रों के आपसी तनाव व विवादों का समाधान करना, युद्धों को रोकना, मानव विकास का पथ प्रदर्शक बनना तथा शांति स्थापित करना है। परंतु इसके प्रयासों के बावजूद कई राष्ट्राध्यक्ष वातार्लाप और कूटनीति की बजाय युद्धों से अपने स्वार्थ हल करने में लगे हुए हैं। युद्धों की सोच हैरतअंगेज, अफसोसनाक, चिंताजनक और मानव समाज को घोर अंधेरे की तरफ बढ़ा रही है।

शक्तिशाली देश रूस और यूक्रेन पिछले 4 वर्षों से युद्ध की आग में धधक रहे हैं। अढ़ाई वर्षो से इसराईल और हमास में घमासान है तथा अब अमरीका एवं इसराईल ने ईरान पर आक्रमण करके मध्य एशिया में एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप ईरान के धर्मगुरु के अलावा मासूम और निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। यही हाल इसराईल में भी हो रहा है। ईरान ने सऊदी अरब, यू.ए.ई., कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान पर आक्रमण करके युद्ध का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। इससे विश्व में खाद्य पदार्थों, तेल, गैस और अन्य चीजों की भारी किल्लत से महंगाई बढ़ने लगी है। इससे कई छोटे देशों में अराजकता फैलने का खतरा पैदा हो रहा है। यद्यपि यू.एन. एक मजबूत संगठन है, परंतु यह केवल प्रस्ताव पारित करने वाली संस्था बनकर रह गया है। जबकि इसे प्रभावशाली भूमिका निभा कर युद्ध बंद करवाने चाहिएं।

ईरान और इसराईल भी कभी मित्र देश थे। ईरान तेल देता था और इसराईल हथियार। परंतु 1979 में इस्लामिक क्रांति से रजा पहलवी के प्रगतिशील और उदारवादी समाज के स्थान पर रूढ़ीवादी और अनुदारवादी समाज की स्थापना कर दी गई तथा इसराईल का नामोनिशान मिटाने के नारे लगने लगे। ईरान ने लेबनान में हिजबुल्ला, गाजा में हमास और यमन में हूथी आतंकवादी संगठनों की खुलकर हथियारों और धन से मदद करनी शुरू कर दी, जो इसराईल के अस्तित्व के लिए खतरा बन रहे थे।

दूसरा, ईरान एटमी शक्ति बनने की तैयारी कर रहा था, जिससे इसराईल ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब और आसपास के छोटे देशों के लिए भी एक नया खतरा पैदा हो रहा था। तीसरा, सऊदी अरब को यह डर था कि शक्तिशाली ईरान कहीं इस्लाम के धार्मिक पवित्र स्थान मक्का और मदीना पर ही कब्जा न कर ले। चौथा, राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला की तरह ईरान के तेल पर भी कब्जा करना चाहते हैं। यह लड़ाई सऊदी अरब और ईरान की है। सुन्नी बहुल और शिया मुस्लिम के वर्चस्व की है। इसराईल अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखना और अमरीका अपनी शक्ति का फायदा उठाना चाहता है।

ट्रम्प ने ईरान पर हमले से पहले उसकी शक्ति को कमतर आंका था। ट्रम्प ने नाटो देशों और चीन से जंगी जहाजों की मदद मांगी है ताकि होर्मुज से तेल, गैस और अन्य वस्तुओं से भरे जहाजों को निकाला जा सके। परंतु सबने सहयोग देने से साफ इंकार कर दिया है। ट्रम्प ईरान को घुटनों पर लाना चाहता है, परंतु उसके विरोधी उसे ही घुटनों पर लाने की कोशिश कर रहे हैं।

युद्ध के दौरान भारत ने ईरान के साथ-साथ खाड़ी देशों के साथ भी वातार्लाप जारी रखा और ईरान को भारी मात्रा में युद्ध में हुए जख्मी लोगों के लिए जहाज भरकर दवाइयां भेजीं, जबकि 56 मुस्लिम देशों में से किसी ने भी किसी तरह की कोई सहायता नहीं की। मुश्किल की घड़ी में भारत ने तुर्की और अन्य देशों की भी मदद की है।

युद्ध किसी मसले का हल नहीं है। ये तबाही और बबार्दी के कारण बनते हैं। प्रथम विश्व युद्ध में (1914-1918) अढ़ाई करोड़ और दूसरे विश्व युद्ध में (1939-1945) 5 करोड़ तथा इनसे पहले बर्बर चंगेज खां और तैमूर लंग ने 7 करोड़ से अधिक लोगों को कत्ल करवा दिया था। हकीकत में युद्ध सभ्य मानव समाज पर एक बदनुमा धब्बा है। इससे सदा के लिए छुटकारा पाने के लिए विश्व में एक नई सोच विकसित की जानी चाहिए।

# बच्चे के जन्म पर पिता को भी अवकाश मिले



वैद्यराज शालिग्राम
विद्यावाचस्पति

हाल ही में उच्चतम न्यायालय मातृत्व अवकाश से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। मामला गोद लेने के मामले में अवकाश का था। भारत में मातृत्व अवकाश 6 महीने का है। दुनिया में यह सबसे अधिक अवधि है। याचिका में 1961 के एक्ट की धारा 5(4) को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि गोद लेने की प्रक्रिया तक में 3 महीने से अधिक का समय लग जाता है। ऐसे में बच्चे की उम्र 3 महीने से अधिक बढ़ सकती है। ऐसे में यदि कामकाजी मां को छुट्टी ही नहीं मिलेगी, तो वह अपने शिशु की देखभाल कैसे करेगी? ऐसी तमाम बातों का संज्ञान लेते हुए अदालत ने 2024 में सरकार से जवाब मांगा था।

इसके अनुसार, यदि कोई महिला बच्चा गोद लेती है, तो उसे 12 सप्ताह की छुट्टी तभी मिलेगी, जब बच्चा 3 महीने से कम उम्र का हो। जबकि मातृत्व अवकाश के तहत महिला को प्रसव से 6 हफ्ते पहले और 6 हफ्ते बाद तक की छुट्टी का प्रावधान है। ऐसे में गोद लेने वाली मां को ऐसी सुविधा से वंचित क्यों किया जाए, क्योंकि बच्चे की देखभाल उसे ही करनी होगी। यदि मां अकेली है तो कठिनाई और भी है।

गोद लेने वाली मां की छुट्टियों पर बात करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि सरकार को पितृत्व अवकाश के लिए भी कानून बनाना चाहिए। बात भी सही है। यदि बच्चे को पालने की जिम्मेदारी माता-पिता दोनों की है, तो मां के साथ-साथ पिता को भी छुट्टी मिलनी ही चाहिए।

अब भी देश में इतनी संख्या में डे केयर सैंटर नहीं हैं, जिनके भरोसे बच्चों को पाला जा सके। इसके अलावा यह भी है कि बहुत से डे केयर सैंटर बहुत छोटे बच्चों को अपने यहां नहीं रखते। तब बच्चे की 24 घंटे देखभाल की जिम्मेदारी माता-पिता पर ही आ जाती है। यदि माता-पिता नौकरी करते हैं तो छुट्टी लेना भी टेढ़ी खीर होती है। फिर गोद लेने के बाद तमाम तरह की मुश्किलें खड़ी होती हैं। बच्चे को नए वातावरण में पालना, उसे सुरक्षा देना, उसकी सही देखभाल करना आदि बहुत-सी बातें ऐसी हैं, जिन्हें माता-पिता को मिलकर उठाना पड़ता है।

जिस दफ्तर में लम्बे समय तक काम किया, उसमें दो-तीन लड़कियां ऐसी थीं, जो ड्ढ्ढषसगल थीं लेकिन उन्होंने बच्चों को गोद लिया हुआ था। वे अक्सर अपनी मुश्किलों के बारे में बताया करतीं। कई बार इस बात पर परेशान भी होतीं कि कहीं बच्चा गोद लेकर कोई गलती तो नहीं की, क्योंकि दफ्तर की मारामारी को झेलने के बाद बच्चे की देखभाल करना, वह भी सिर्फ अपने बल पर, एक कठिन काम था। इनमें से सभी ने लड़कियां गोद ली थीं। लड़कियों के मामले में अपने समाज में एक बड़ा सच तो यह है ही कि वे ज्यादा असुरक्षित हैं। ऐसे में ये स्त्रियां छुट्टी होने के बाद, बिना रुके घर की तरफ भागती थीं। यदि कोई जरूरी मीड्ढ्ढषटग हो गई तो इनकी चिंता का कोई ठिकाना नहीं रहता था, क्योंकि किसी को डे केयर सैंटर के बंद होने का डर रहता, तो किसी को घरेलू सहायिका के चले जाने का। आपको याद होगा कि एक जमाने में अविवाहित लड़कियां बच्चा गोद नहीं ले सकती थीं, बाद में अदालत के हस्तक्षेप के बाद ही इस कानून में सुधार किया गया।

> *गोद लेने वाली मां की छुट्टियों पर बात करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि सरकार को पितृत्व अवकाश के लिए भी कानून बनाना चाहिए। बात भी सही है। यदि बच्चे को पालने की जिम्मेदारी माता-पिता दोनों की है, तो मां के साथ-साथ पिता को भी छुट्टी मिलनी ही चाहिए। ऐसा क्यों मान लिया गया है कि बच्चे की देखभाल में पिता की कोई भूमिका ही नहीं होती, इसलिए उसे छुट्टी की कोई जरूरत नहीं। अदालत ने इस मसले पर सुनवाई करते हुए यह भी कहा कि बच्चे को पालने में मां की भूमिका महत्वपूर्ण होती है लेकिन पिता की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता।*

ऐसा क्यों मान लिया गया है कि बच्चे की देखभाल में पिता की कोई भूमिका ही नहीं होती, इसलिए उसे छुट्टी की कोई जरूरत नहीं। अदालत ने इस मसले पर सुनवाई करते हुए यह भी कहा कि बच्चे को पालने में मां की भूमिका महत्वपूर्ण होती है लेकिन पिता की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता।

अब वह जमाना भी नहीं रहा जब परिवार बड़े होते थे। बच्चे के जन्म या उसे गोद लेने के बाद उसे पालने की जिम्मेदारी सिर्फ माता-पिता की ही नहीं होती थी। घर के अन्य सदस्य, जैसे दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, उनके बाल-बच्चे, यहां तक कि अड़ोसी-पड़ोसी भी, सभी शिशु को पालने में मदद करते थे। महानगरों में ऐसी मुश्किलें बहुत दिखाई देती हैं, जहां युवा दम्पति प्रायः अकेले रहते हैं। इसका एक कारण तो यह है कि वे अपने-अपने शहर, गांव से दूर यहां रोटी कमाने आए हैं। इसके अलावा बहुत से परिवार किसी न किसी कारणवश अपने परिवार से अलग रहते हैं।

एक परिवार ऐसा भी था, जहां पति-पत्नी दोनों एक ही जगह काम करते थे। बच्चा गोद लिया, तो छुट्टी के कारण, पत्नी तो घर में थी, लेकिन पिता को दफ्तर आना पड़ता। क्योंकि एक डिपार्टमैंट होने के कारण, दोनों को एक साथ छुट्टी नहीं मिल सकती थी। यदि पितृत्व अवकाश होता, तो कानूनी तौर पर ऐसा नहीं किया जा सकता था, छुट्टी देनी ही पड़ती। दोनों ही बच्चे की देखभाल कर सकते थे। काम बांट सकते थे। लंच के समय नया पिता बना यह युवक अक्सर बाजार की तरफ भागता दिखता, ताकि बच्चे के लिए बताई गई जरूरी चीजें खरीद सके। फिर बच्चे को गोद लेने के बाद यदि वह बीमार पड़ जाए, अस्पताल ले जाना पड़े और पिता घर में न हो, तो और अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# विभिन्न देशों द्वारा अपनाए गए ऊर्जा संरक्षण के कड़े उपाय



एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह
मोबाइल:9821510040

मध्य-पूर्व में गहराते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में एक अभूतपूर्व संकट खड़ा कर दिया है। इस स्थिति ने दुनिया भर के देशों को मजबूर किया है कि वे ईंधन संरक्षण के लिए न केवल कड़े कदम उठाएं, बल्कि अनिवार्य क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए अपनी जनता के लिए ऊर्जा की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करें।

एशिया से लेकर अफ्रीका और यूरोप तक, सरकारों ने ऊर्जा संकट से निपटने के लिए कई असाधारण कदम उठाए हैं। सीमित ईंधन भंडार का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सार्वजनिक अवकाश, वर्क-फ्रॉम-होम की अनिवार्यता, ईंधन की राशनिंग और औद्योगिक इकाइयों को बंद करने जैसे कठोर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस विवरण के माध्यम से इन कदमों की एक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

श्रीलंका : स्कूलों, विश्वविद्यालयों और गैर-जरूरी सेवाओं से जुड़े सरकारी कर्मचारी के लिए बुधवार को अनिवार्य सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया। नैशनल फ्यूल पास (क्यू.आर. आधारित राशनिंग) को पुनः लागू किया गया। निजी वाहनों के लिए ईंधन की सीमा 15 लीटर प्रति सप्ताह और सार्वजनिक परिवहन के लिए 200 लीटर निर्धारित की गई।

बंगलादेश : ऊर्जा संकट के प्रबंधन हेतु शैक्षणिक संस्थानों, विशेषकर विदेशी पाठ्यक्रम आधारित स्कूलों और कोड्ढ्ढषचग केंद्रों को बंद कर, शिक्षण कार्य को ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। ऊर्जा संकट के प्रबंधन हेतु 8 मार्च से देश भर में ईंधन की राशनिंग प्रणाली प्रभावी हो गई है।

ऊर्जा संकट के प्रबंधन हेतु घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 5 घंटे की बारी-बारी से बिजली कटौती का प्रावधान किया गया है, ताकि देश के महत्वपूर्ण परिधान निर्यात उद्योग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

महत्वपूर्ण तेल भंडारों की सुरक्षा और किसी भी प्रकार की क्षति या तोड़फोड़ को रोकने के लिए सैन्य बलों की तैनाती की गई है। गैस की भारी किल्लत के कारण सरकार द्वारा संचालित 5 में से 4 उर्वरक संयंत्रों को मजबूरन बंद करना पड़ा है।

भूटान : जमाखोरी रोकने के लिए जेरीकैन (डिब्बों) में ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। 'वर्क-फ्रॉम-होम व्यवस्था लागू। अनिवार्य एवं आपातकालीन सेवाओं हेतु ईंधन की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित किया गया है।

पाकिस्तान : सरकारी कर्मचारियों के लिए 4 दिवसीय कार्य सप्ताह और 50 प्रतिशत 'वर्क-फ्रॉम-होमइ की व्यवस्था लागू की गई। स्कूलों और कॉलेजों को 2 सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। सरकारी विभागों के लिए ईंधन के आबंटन में 50 प्रतिशत की कटौती की गई। गैर-जरूरी सेवाओं से जुड़े सरकारी वाहनों को सड़कों से हटा लिया गया है।

फिलीपींस : सरकारी कर्मचारियों के लिए 4 दिवसीय कार्य सप्ताह की व्यवस्था लागू की गई। निजी क्षेत्र को 'वर्क-फ्रॉम-होमइ अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र में गैर-जरूरी यात्राओं पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

वियतनाम : निजी संस्थानों से 'वर्क-फ्रॉम-होमइ देने का आग्रह किया गया है। सार्वजनिक परिवहन, साइक्लिंग और कार-पूलिंग के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया है।

म्यांमार : ईंधन की खपत कम करने के उद्देश्य से निजी वाहनों के परिचालन हेतु ऑड-ईवन नीति लागू की गई है, जिसके तहत वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर वैकल्पिक दिनों में ही सड़क पर निकलने की अनुमति होगी।

ईंधन की भारी कमी के चलते स्थिति गंभीर हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप कई स्थानीय पैट्रोल स्टेशनों को परिचालन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

कंबोडिया : ईंधन की कीमतों पर संघर्ष के संभावित प्रभावों को लेकर अनिश्चितता के चलते, मार्च के मध्य तक देश के लगभग 6,300 पैट्रोल पंपों में से एक-तिहाई बंद हो गए।

लाओस : लोक सेवकों के लिए वर्क-फ्रॉम-होम की व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है। वर्चुअल मीटिंग्स और इलैक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। पैट्रोल पंपों के व्यापक रूप से बंद होने के बाद, आवागमन को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव घटाने के लिए रोटेशनल वर्क शिफ्ट की शुरूआत की गई है।

> *ऊर्जा संकट के प्रबंधन हेतु घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 5 घंटे की बारी-बारी से बिजली कटौती का प्रावधान किया गया है, ताकि देश के महत्वपूर्ण परिधान निर्यात उद्योग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। महत्वपूर्ण तेल भंडारों की सुरक्षा और किसी भी प्रकार की क्षति या तोड़फोड़ को रोकने के लिए सैन्य बलों की तैनाती की गई है। गैस की भारी किल्लत के कारण सरकार द्वारा संचालित 5 में से 4 उर्वरक संयंत्रों को मजबूरन बंद करना पड़ा है।*

मिस्र : 28 मार्च से, शॉपिंग मॉल, रेस्तरां और खुदरा दुकानों को कार्यदिवसों पर रात 9 बजे तक बंद करने का निर्देश दिया गया है।

सरकारी भवनों को शाम 6 बजे तक बंद किया जाएगा। बिजली की खपत कम करने के लिए रोशनी वाले विज्ञापनों (बिलबोर्ड्स) को बंद कर दिया गया है।

केन्या : ईंधन की राशनिंग (नियंत्रित वितरण) और निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध की घोषणा की गई है। ऊर्जा नियामक ने चेतावनी दी है कि इन कड़े प्रतिबंधों के बावजूद, मौजूदा स्टॉक केवल अप्रैल तक ही चल पाएगा।


दक्षिण अफ्रीका : खनिज एवं पैट्रोलियम संसाधन विभाग ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए औद्योगिक स्तर पर कोटा प्रणाली लागू कर दी है। इन उपायों का मुख्य लक्ष्य बाजार में ईंधन के समान वितरण को बनाए रखना और घबराहट में की जाने वाली खरीदारी को रोकना है।

ओशिनिया

न्यूजीलैंड : सरकार 1979 के दौर की 'कार-लैस डे नीति को फिर से शुरू करने पर विचार कर रही है, जिसके तहत वाहन चालकों को सप्ताह में एक दिन नो-ड्राइविंग डे निर्धारित करना होगा।

ईंधन भंडार की निगरानी के लिए 'एम्बर अलर्टइ प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए गए हैं और भंडार से 15.7 मिलियन बैरल तेल जारी किया गया है। जैट ईंधन की आसमान छूती कीमतों के कारण एयर न्यूजीलैंड की लगभग 1,100 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे 44,000 यात्री प्रभावित हुए हैं।

# तमिलनाडु एक प्रतिस्पर्धी त्रिकोणीय मुकाबले के लिए तैयार



अजीत स्वामी
राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष,
नेशनल मीडिया फेडरेशन
मोबाइल:9810258654

आगामी विधानसभा चुनाव, जो 23 अप्रैल को निर्धारित हैं, में तमिलनाडु एक प्रतिस्पर्धी त्रिकोणीय मुकाबले के लिए तैयार है। इस चुनाव के राज्य और उसके नेताओं के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। सत्ताधारी द्रमुक लगातार दूसरी बार सत्ता में आकर इतिहास रचने का लक्ष्य बना रही है। वहीं, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक अपनी पूर्व प्रमुखता बहाल करने और नियंत्रण वापस पाने के लिए काम कर रहा है। अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रही भाजपा अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन कर रही है। इस बीच, विजय का नया राजनीतिक उद्यम क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है। जयललिता जैसी करिश्माई नेता के बिना तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का प्रभाव कमजोर हो गया है। लगभग 70 प्रतिशत आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) से संबंधित है, जिसमें गौंडर, थेवर और वन्नियार जैसे प्रमुख समुदाय चुनावों को प्रभावित करते हैं। इन समूहों की मतदाता जागरूकता आवश्यक है, खासकर थेवरों के बीच आंतरिक विभाजन और तमिल वल्वूर काची (टी.वी.के.) जैसी नई पर्टियों के उदय के साथ।

फिल्म स्टार विजय की नई पार्टी के उदय के कारण यह चुनाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिसे 'एक्स फैक्टर कहा जा रहा है। हालांकि, इसका प्रभाव अभी भी अनिश्चित बना हुआ है।

मुख्यमंत्री स्टालिन के लिए एक जीत उन्हें तमिलनाडु के सबसे महत्वपूर्ण नेताओं में से एक के रूप में स्थापित करेगी, क्योंकि वह पूर्ण 5 साल का कार्यकाल पूरा करने वाले और सत्ता में लौटने वाले पहले द्रमुक मुख्यमंत्री होंगे।

ई. पलानीस्वामी के लिए, जे. जयललिता की मृत्यु के बाद से मिली हार के बाद यह चुनाव उनके राजनीतिक अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। संघ-भाजपा गठबंधन ने जीतने का संकेत देने के लिए अपने वित्तीय संसाधनों और मीडिया उपस्थिति का लाभ उठाया है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, अधूरे चुनावी वादे और कर्ज संकट जैसे प्रमुख मुद्दे चुनाव में हावी रहने की उम्मीद है।

द्रमुक गठबंधन का सावधानीपूर्वक विस्तार और नए कार्यक्रम मतदाता विश्वास को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखते हैं, यह दशार्ते हुए कि रणनीतिक योजना सकारात्मक बदलाव ला सकती है। एक नए कार्यकाल की शुरूआत में, सत्ताधारी पार्टी अक्सर एक ऐसे नेता के साथ संघर्ष करती है, जो सम्मानित रहता है लेकिन टीम थकी हुई होती है। यह स्थिति द्रमुक के भीतर पीढ़ीगत बदलाव की आवश्यकता पर जोर देती है। बहुत अधिक लंबे समय तक सेवा करने वाले सदस्यों को बनाए रखने से स्थानीय मतदाता अलग-थलग पड़ सकते हैं, जबकि उन्हें बाहर करने से चुनाव से पहले आंतरिक संघर्ष का खतरा होता है।

कांग्रेस पार्टी ने 1967 से सत्ता हासिल नहीं की है और द्रविड़ पार्टी के समर्थन पर निर्भर करती है। हाल ही में, इसने 28 सीटें और एक राज्यसभा सीट जीती लेकिन द्रमुक ने उसके सत्ता-सांझेदारी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। भाकपा, माकपा, वी.सी.के. और अन्य समूह भी अपने आबंटन पर बातचीत कर रहे हैं। कुल मिलाकर, उनकी स्थिति मजबूत दिखाई देती है। भाजपा के समर्थन के बावजूद एन.डी.ए. के सत्ता में आने की संभावना कमजोर लगती है। एम.जी. रामचंद्रन, एम. करुणानिधि और जे. जयललिता जैसे प्रतिष्ठित नेताओं ने पारंपरिक रूप से तमिलनाडु की राजनीति को आगे बढ़ाया है। वर्तमान में, राज्य में एक मजबूत नेता की कमी है और विजय प्रभावी ढंग से इस भूमिका को निभा सकते हैं।

विपक्ष का मानना है कि 5 साल बाद द्रमुक कमजोर हो जानी चाहिए लेकिन यह सत्ता परिवर्तन की गारंटी नहीं देता। विश्लेषकों का मानना है कि केवल सार्वजनिक असंतोष से अन्नाद्रमुक को सत्ता वापस पाने में मदद नहीं मिलेगी। एडप्पादी के. पलानीस्वामी का लक्ष्य गठबंधन की स्थिरता दिखाना और भाजपा नेताओं के साथ संघर्ष की अफवाहों का खंडन करना है। मुख्य चुनौती यह है कि क्या मतदाता अन्नाद्रमुक को केवल एक द्रमुक-विरोधी मंच की बजाय एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में देखते हैं? विजय मौजूदा स्थिति को महिलाओं और युवा मतदाताओं से समर्थन हासिल करने के अवसर के रूप में देखते हैं। यदि चुनाव सर्वेक्षण सही हैं, तो यह चुनाव 2029 के चुनावों के लिए उनकी प्रतिष्ठा को बढ़ा सकता है। उनकी 2 साल पुरानी पार्टी का लक्ष्य 18-30 आयु वर्ग को आकर्षित करना है, जिसमें 5.67 करोड़ कुल मतदाताओं में से लगभग 1.12 करोड़ मतदाता शामिल हैं। साथ ही उनके ईसाई धर्म के कारण कई अल्पसंख्यक मतदाताओं को भी आकर्षित करना है। विजय के प्रवेश से द्रमुक के प्रभावित होने की उम्मीद है क्योंकि यह अल्पसंख्यकों और दलितों के वोट खींचेंगे, जिन्होंने 2019 से गठबंधन का समर्थन किया है। रिपोर्टों से पता चलता है कि भाजपा ने उन्हें एन.डी.ए. में शामिल होने के लिए 80 सीटें और उपमुख्यमंत्री का पद देने की पेशकश की थी लेकिन कथित तौर पर विजय ने इसे ठुकरा दिया है। मुख्य सवाल यह है कि क्या वह अपने फैन बेस को वोटों में बदल सकते हैं, जैसा कि एम.जी.आर. और एन.टी.आर. ने किया था।वाइको की मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम, डा. एस. रामदॉस की पट्टाली मक्कल काची और सीमान की नाम तमिलर काची जैसी छोटी पर्टियां ऐतिहासिक रूप से प्रमुख द्रविड़ पार्टियों के साथ जुड़ी रही हैं।

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान सम्पादक | : | डॉ. जसबीर आर्य |
| प्रबंध सम्पादक | : | वैद्यराज शालिग्राम विद्याचस्पति |
| समाचार सम्पादक | : | डॉ. फारूक अंसारी |
| कार्यकारी सम्पादक | : | अजीत स्वामी |
| अतिथि सम्पादक | : | बाबा जनार्दन दास |
| सलाहकार सम्पादक | : | डॉ संजय जोशी |
| संयुक्त सम्पादक | : | विनोद कुमार |
| सह सम्पादक | : | संत राम कांडा |
| उप संपादक | : | डा. उदयन आर्य |
| सोशल मीडिया प्रभारी | : | कुनाल |
| चीफ फोटोग्राफर | : | प्रदीप गौतम |
| मुख्य संवाददाता | : | अशोक मल्होत्रा |
| प्रधान ब्यूरो चीफ | : | अनिल शर्मा |
| विशेष संवाददाता | : | खालिद (गुडू) |
| कार्यालय प्रभारी | : | चरणजीत |
| तकनीकी प्रभारी | : | जितेन्द्र |
| जन संपर्क अधिकारी | : | मोहन दास |
| विज्ञापन प्रभारी | : | के .वी. शर्मा, जे.पी.पांडे |
| महिला प्रभारी | : | बीना |
| कानूनी प्रभारी | : | एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह, (दिल्ली हाईकोर्ट) 9821510040 |

Central Office:
दिल्ली टाइम्स न्यूज (DTN)
Plot No.4 Chandra Park (Opp.NSUT) Dwarka Mod Highway, New Delhi-110078
Helplines .:9212412283, 9650380366, 9868422283
Email:delhitimesnews@gmail.com
Web.www.delhitimesnews.com




## दिल्ली टाइम्स न्यूज रिक्तियां

DTN मीडिया समूह को निम्न पदों पर तत्काल आवश्यकताः-

● समाचार संपादक ● कार्यालय प्रबंधक (SEO) ● डिजिटल एडिटर ● वीडियो जर्नलिस्ट ● कंप्यूटर ऑपरेटर ● ग्राफिक डिजाइनर थंबनेल ● न्यूज एंकर ● सोशल मीडिया मैनेजर कम्युनिटी मैनेजर व-Youtuber/कंटेंट क्रिएटर ● स्क्रिप्ट राइटर ● इनफ्लुएंसर,

« आकर्षक वेतन, भत्ते, इंसेंटिव और सुविधाएं
« इच्छुक प्रार्थी अपना बायोडाटा शीघ्र भेजें

वेबसाइट: www.delhitimesnews.com
Email: delhitimesnews@gmail.com
मोबाइल: 9968004686, 9868422283

# पंत पर रहेगा दबाव, अय्यर और क्लासेन को लय बनाए रखना और कैमरन के पास अपनी कीमत को सही ठहराने का मौका

**जालंधरः** दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग, इंडियन प्रीमियर लीग (आई.पी.एल.) की शुरूआत 28 मार्च को पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आर.सी.बी.) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगी। इस लीग की सभी फ्रेंचाइजी, जो खिताब जीतने के लिए खिलाड़ियों पर करोड़ों रुपए का दांव लगाती हैं, लेकिन क्या वह खिलाड़ी अपनी कीमत के अनुरूप प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

गौरतलब है कि पिछले साल यानी 2025 की नीलामी में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने स्टार भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया था और उन्हें कप्तानी भी सौंपी थी। लेकिन वह अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और 14 मैचों की 13 पारियों में सिर्फ 269 रन ही बना पाए, जिसके चलते टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और वह 10 टीमों के पूल में 7वें स्थान पर रही।

इस खराब प्रदर्शन के लिए ऋषभ पंत को काफी हद तक जिम्मेदार ठहराया गया था, लेकिन इसके बावजूद लखनऊ ने उन्हें अपनी टीम में बरकरार रखा और अब एक बार फिर उनसे अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन की उम्मीदें हैं।

वहीं दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर पर पिछले साल की तरह पंजाब किंग्स को एक खिताब का दावेदार बनाने का दबाव भी होगा। श्रेयस अय्यर ने 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाने के लिए खूब प्रशंसा बटोरी थी और उस दौरान उन्होंने 17 मैचों की 17 पारियों में 606 रन बनाए थे और उस समय वह सीजन के शीर्ष 6 बल्लेबाजों में आखिरी स्थान पर थे।

3 बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2026 की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराऊंडर कैमरन ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपए की उच्चतम कीमत पर खरीदा है। इसके साथ ही, ग्रीन आई.पी.एल. के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। पीठ की सर्जरी के कारण ग्रीन 2025 में किसी भी टीम के लिए नहीं खेल पाए, लेकिन उन्होंने 2024 सीजन में आर.सी.बी. के लिए 13 मैचों में लगभग 255 रन बनाए और 10 विकेट लिए।

के.के.आर. पिछले सीजन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 8वें स्थान पर रहने की उम्मीद करेगी और आशा करेगी कि ग्रीन कप्तान अजिंक्या रहाणे का साथ देते हुए अपनी कीमत के अनुरूप प्रदर्शन करें और टीम को खिताब का दावेदार बनाएं।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, जो 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद में शामिल हुए थे, ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद फ्रेंचाइजी उनसे एक बार फिर ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। क्लासेन को पिछले साल सनराइजर्स ने 23 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और इस दौरान उन्होंने 14 मैचों की 2 पारियों में एक शतक (105 नाबाद) सहित 587 रन बनाए थे, जिसकी बदौलत टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर थी।

# थॉमस कप में भारतीय अभियान की अगुवाई करेंगे लक्ष्य



**नई दिल्लीः** ऑल इंगलैंड टूनार्मेंट में उपविजेता रहे लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पी.वी. सिंधु और उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एच.एस. प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है। युवा शटलर आयुष शेट्टी को सीनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है। पुरुष टीम में 2022 की खिताब विजेता टीम के सदस्य एम.आर. अर्जुन की भी वापसी हुई है, जिन्होंने चोट से उबरकर नए खिलाड़ी हरिहरन अमसाकरुनन के साथ युगल टीम में जगह बनाई है।

2022 की युगल टीम के सदस्य ध्रुव कपिला भी टीम का हिस्सा हैं जबकि किरण जॉर्ज एकल में अतिरिक्त मजबूती प्रदान करेंगे। उबर कप में 2019 की विश्व चैंपियन सिंधु, शीर्ष युगल जोड़ी गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली के साथ मिलकर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगी। भारतीय टीम पिछली बार सैमीफाइनल तक पहुंची थी और उसका लक्ष्य इस बार अपने इस प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्नति हुडा के साथ देविका सिहाग, इशारानी बरुआ और किशोरी तन्वी शर्मा जैसी युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी टीम में शामिल है।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम बना रहेगा : गांगुली



**नोएडाः** हरफनमौला खिलाड़ियों की नाराजगी के बावजूद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग का विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम आगे भी बना रहेगा। भारतीय टी-20 उप-कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल द्वारा इस नियम की आलोचना किए जाने के एक दिन बाद गांगुली ने कहा कि विभिन्न मतों के बावजूद इस नियम को हटाए जाने की संभावना बेहद कम है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम रहेगा। जब मैं बी.सी.सी.आई. अध्यक्ष था, तब यह आ चुका था। यह यहीं रहेगा, किसी को पसंद आएगा, किसी को नहीं।" यह नियम टीमों को अपनी एकादश में से किसी भी खिलाड़ी को मैच के दौरान 5 में से किसी एक विकल्प से बदलने की अनुमति देता है।

पूर्व कप्तान ने यह भी कहा कि लीग में कई युवा खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र रहेंगे, जिनमें जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी शामिल हैं। नबी को दिल्ली कैपिटल्स ने 8.4 करोड़ रुपए में खरीदा है। गांगुली ने कहा, "वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, यशस्वी जयसवाल, आयुष महात्रे और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी आई.पी.एल. का हिस्सा हैं।"



*भारतीय बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी पी.वी. सिंधु अक्सर अपने प्रशंसकों के साथ अपनी गतिविधियां सांझा करती रहती हैं। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी यह तस्वीर पोस्ट की, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। हाल ही में ईरान-इजराइल-अमरीका युद्ध के कारण ऑल इंगलैंड चैंपियनशिप में भाग न ले पाने की वजह से उन्हें दुबई हवाई अड्डे से लौटना पड़ा था।*

# रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु 16,660 करोड़ रुपए में बिकी, राजस्थान रॉयल्स के बाद दूसरी सबसे महंगी आई.पी.एल. फ्रैंचाइजी बनी



**बेंगलुरुः** यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यू.एस.एल.) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने आई.पी.एल. फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आर.सी.बी.) को आदित्य बिरला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन के एक गठजोड़ को 16,660 करोड़ रुपए (1.78 अरब डॉलर) के नकद सौदे में बेच दिया है। इस तरह, राजस्थान रॉयल्स के बाद रॉयल चैलेंजर्स सबसे अधिक कीमत पर बिकने वाली टीम बन गई है।

सूत्रों के अनुसार, इस समूह ने यू.एस.एल. के साथ फ्रेंचाइजी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का समझौता कर लिया है। इस सौदे में आरसीबी की पुरुष और महिला दोनों टीमों को शामिल किया गया है। यू.एस.एल., ब्रिटेन की डियाजियो की सहायक कंपनी है और वह अब आर.सी.बी. से बाहर निकलना चाहती है क्योंकि यह टीम उनके मुख्य व्यवसाय का हिस्सा नहीं थी। समझौते के तहत ए.बी.जी. के निदेशक आर्यमान विक्रम बिड़ला को आर.सी.बी. का चेयरमैन (प्रमुख) बनाया जाएगा, जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया के सत्यन गजवानी उनके उप प्रमुख होंगे। इस सौदे को हालांकि अभी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और आई.पी.एल. संचालन समिति के साथ-साथ महिला प्रीमियर लीग और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से औपचारिक मंजूरी मिलनी बाकी है।

गौरतलब है कि इससे पहले राजस्थान रॉयल्स को अमरीका स्थित काल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम (समूह) को 1.63 अरब डॉलर (लगभग 15,290 करोड़ रुपए) में बेचे जाने की तैयारी है। इस कंसोर्टियम में वॉलमार्ट परिवार से जुड़े रॉब वॉलटन और फोर्ड परिवार से जुड़े हैम्प परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। एरिजोना स्थित टेक उद्यमी काल सोमानी ने इन्ट्राएज, 'ट्रूयो डॉट ए.आई.' और एकेडेमियन जैसी कंपनियों की स्थापना की है। इस बोली में टाइम्स इंटरनेट के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम, आदित्य बिड़ला समूह और आर्सेलरमित्तल के सी.ई.ओ. आदित्य मित्तल के नेतृत्व वाला मित्तल परिवार भी दावेदारों में शामिल थे। यह सौदा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी के अधीन होगा और 2026 आईपीएल सत्र के बाद प्रभावी होगा। वर्तमान में ब्रिटिश-भारतीय कारोबारी मनोज बादले के पास टीम में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

इस मामले की जानकारी रखने वाले विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि काल सोमानी पहले से ही फ्रेंचाइजी में निवेशक हैं। इस सौदे पर बीसीसीआई की मंजूरी के बाद जल्द ही हस्ताक्षर किया जाएगा।

# पिछले 3 महीने मेरी कप्तानी का सबसे कठिन दौर रहा : स्टोक्स



**लंदनः** इंगलैंड के टैस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले 3 महीने को अपनी कप्तानी का सबसे कठिन दौर बताया लेकिन यह भी दोहराया कि वह कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ मिलकर टीम को फिर से तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इंगलैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की कि एशेज श्रृंखला 1-4 से हारने के बावजूद स्टोक्स, मैकुलम और प्रबंध निदेशक रॉब की पद पर बने रहेंगे। स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर सांझा करते हुए एक भावुक खुले पत्र में लिखा,"इंगलैंड का कप्तान बनना एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सम्मान है और मैं इसे हलके में नहीं लेता।

इसके अपने उतार चढ़ाव हैं। यह आपको मुस्कुराने के मौके देता है तो रुलाता भी है। कई बार लगता है कि आपके जीवन में बस यही चीज बची है। पिछले 3 महीने कप्तानी के मेरे सफर का सबसे कठिन दौर रहा। इसने कई तरह से मेरी परीक्षा ली और मुझे यकीन है कि हर कप्तान के जीवन में ऐसा दौर आता है।"

# मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम




**दुबईः** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आई.सी.सी. महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गई।

मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं।

गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है।

दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुई, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के लगातार 2 अर्धशतकों ने उन्हें सूची में 2 स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी।



*मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र के दौरान स्टार क्रिकेटर तिलक वर्मा बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए।*

# हांगकांग के खिलाफ क्वालीफायर के लिए भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा

**नई दिल्लीः** ऑस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रियान विलियम्स भारत के लिए पदार्पण कर सकते हैं जिन्हें हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में होने वाले ए.एफ.सी. एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम में जगह मिली है। फीफा से फुटबॉल संघ बदलने की मंजूरी मिलने के बाद 31 वर्ष के विलियम्स को सीनियर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए खेलने का मौका मिल सकता है। वह बंगलादेश के खिलाफ क्वालीफायर की तैयारी के लिए शिविर में थे लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने के कारण वह खेल नहीं सके। एशियाई कप क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी भारतीय टीम अपने अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगी। विलियम्स की मां मुंबई के आंग्ल भारतीय परिवार से है। वह जापान में जन्मे अराटा इजुमी के बाद भारत के लिए खेलने वाले विदेश में जन्मे भारतीय मूल के दूसरे खिलाड़ी होंगे। इजुमी ने 2013 से 2014 के बीच भारत के लिए खेला था। पर्थ में 1993 में जन्मे विलियम्स ने पेशेवर कैरियर की शुरूआत इंगलैंड में की थी। वह 2010 में पोर्टसमाउथ अकादमी से जुड़े और अगले साल सीनियर टीम का हिस्सा बने। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह ऑस्ट्रेलिया के लिए जूनियर फुटबॉल खेल चुके हैं। आस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के लिए उन्होंने एकमात्र मैच 2019 में दक्षिण कोरिया के खिलाफ दोस्ताना मैच खेला था। भारतीय टीम : गोलकीपर : अल्बिनो गोमेस, गुरप्रीत सिंह संधू, विशाल कैथ। डिफेंडर : अभिषेक सिंह टेकचाम, आकाश मिश्रा, अनवर अली, बिजॉय वर्गीस, निखिल पुजारी, राहुल भेके, रोशन सिंह नाओरेम, संदेश झिंगन। मिडफील्डर : आशिक कुरूनियन, दानिश फारूक, जैकसन सिंह, लालेंगमाविया राल्टे, सहल अब्दुल समद। फॉरवर्ड : एडमंड लालरिंडिका, फारूक चौधरी, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, मनवीर सिंह, रहीम अली, रियान विलियम्स। मुख्य कोच : खालिद जमील।

# भगदड़ में मारे गए लोगों की याद में 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे आर.सी.बी. के खिलाड़ी

**बेंगलुरुः** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। मौजूदा चैंपियन टीम 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां अपना पहला मैच खेलेगी।

# रिंकू के.के.आर. के उप-कप्तान नियुक्त

**कोलकाताः** 3 बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) ने मंगलवार को आई.पी.एल. 2026 के लिए विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया। यह फैसला फ्रेंचाइजी की दीर्घकालिक नेतृत्व रणनीति की ओर संकेत करता है। रिंकू सिंह कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ टीम की जिम्मेदारियां निभाएंगे, जिन्हें आई.पी.एल. 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा गया है।

# दुबे कोलकाता और पेन हैदराबाद टीम में शामिल

**नई दिल्लीः** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आई.पी.एल. से पहले चोटिल आकाश दीप और जैक एडवर्ड्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरु में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल मीडिया बयान में कहा गया,"बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रुपए में केकेआर से जुड़ेंगे।"

# सबालेंका और गॉफ क्वार्टर फाइनल में



फ्लोरिडा (अमरीका): दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने चीन की झेंग किनवेन के खिलाफ मियामी ओपन मैच में आसानी से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मौजूदा चैंपियन को अपनी चीनी विरोधी को 6-3, 6-4 से हराने में सिर्फ एक घंटा 25 मिनट लगे। 27 साल की सबालेंका ने पिछले 2 सालों में हर बार यू.एस. ओपन जीता है और वह शानदार फॉर्म में दिख रही हैं। आखिरी 8 में उनका सामना हैली बैप्टिस्ट से होगा, जिन्होंने लातविया की जेलेना ओस्टापेंको को भी 6-3, 6-4 के अंतर से हराया।

चौथी सीड कोको गॉफ भी रोमानिया की सोराना सिस्टिर्या पर 6-3, 4-6, 6-2 से कड़े मुकाबले में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। 22 साल की अमरीकन खिलाड़ी ने 6 डबल फॉल्ट किए और खराब प्रदर्शन के बावजूद 5 बार ब्रेक किया, लेकिन उसके पास जीतने और अमांडा अनिसिमोवा या बेलिंडा बेनसिक के खिलाफ मैच सैट करने के लिए काफी था। मियामी टूनार्मेंट गॉफ का होम इवेंट है और वह टाइटल जीतने के लिए बेताब है, लेकिन इस साल ऐसा करने के लिए वह खुद पर स्ट्रेस नहीं लेगी।

## संक्षिप्त समाचार

# विशेषाधिकार समिति ने केजरीवाल सहित आप नेताओं पर कार्रवाई की सिफारिश की

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने फांसी घर मामले में अपनी दूसरी अंतरिम रिपोर्ट सोमवार को सदन में पेश की।

समिति ने दो बार बैठकों में अनुपस्थित रहने और उचित स्पष्टीकरण न देने पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के चार नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। इनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला का नाम शामिल है।

समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत द्वारा सदन पटल पर रखी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इन चारों ने जानबूझकर 13 नवम्बर 2025 और 20 नवंबर 2025 को आयोजित बैठकों में अनुपस्थित रहकर विशेषाधिकार समिति की अवमानना की है। राजपूत ने सदन में कहा कि समिति की बैठक में केजरीवाल ने उचित व्यवहार नहीं किया। जिसके लिए उन्हें समिति के सामने माफी मांगनी पड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक समिति ने पाया कि दो बार विशेषाधिकार समिति की बैठक में अनुपस्थित रहने के बाद सदन के निर्देश पर चारों को एक और अवसर देते हुए 6 मार्च को बुलाया गया था। इसमें अरविंद केजरीवाल, राम निवास गोयल और राखी बिड़ला उपस्थित हुईं।

# मामूली कहासुनी में युवक को मारा चाकू, दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली:** आनंद पर्वत इलाके में मामूली कहासुनी में दो युवकों ने पीड़ित युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस दो नाबालिगो को पकड़ा है और उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है।

मध्य जिला डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी की जांच की गई। उसके बाद दोनों नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों नाबालिगो ने बताया कि वह पहले से एक-दूसरे को नहीं जानते थे। रास्ते में टकराने के बाद विवाद बढ़ गया, जो झगड़े में बदल गया और उन्होंने गुस्से में आकर युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

पुलिस को आनंद पर्वत पुलिस को चाकूबाजी की पीसीआर काल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल को अस्पताल ले जाया गया है।घायल ने बताया कि गुरुद्वारा वाली गली के पास उसकी एक लड़के से टक्कर हो गई, जिससे विवाद शुरू हो गया। इसके बाद आरोपी और उसके साथी ने उसे पास की गली में खींच लिया और चाकू से उसकी पीठ और जांघों पर हमला कर दिया।

# स्नेचिंग करने वाले भाई-बहन गिरफ्तार

नई दिल्लीः मौर्या एंक्लेव थाना पुलिस टीम ने स्नैचिंग के मामले में भाई बहन को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में मनिंदर कौर उर्फ सिमरन और उसके भाई अमनप्रीत सिंह है। मनिंदर पहले चोरी और स्नेचिंग के 8 मामलों में शामिल रही है, जबकि अमनप्रीत 23 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

नॉर्थ वेस्ट डीसीपी आकांक्षा यादव के मुताबिक जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले भी कई स्नेचिंग और चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि वारदात से एक दिन पहले इसी तरह की एक घटना हुई थी, जिसमें एक महिला और पुरूष एक लड़की से सोने की चेन छीनने की कोशिश कर रहे थे। फुटेज की जांच से पता चला। फुटेज में दोनों आरोपी जिस बाइक पर सवार दिखाई दिए, वो जांच में थाना समयपुर बादली इलाके से चोरी पाई गई थी। पीड़िता तितिक्षा शर्मा ने शिकायत दी कि वह पीतमपुरा स्थित इनकम टैक्स कॉलोनी की ओर जा रही थी। मेट्रो पिलर के पास एक युवक और युवती स्कूटी पर आए और उसका मोबाइल फोन छीनकर मधुबन चौक की ओर फरार हो गए। इस संबंध में मौर्य एंक्लेव थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने फुटेज और तकनीकी सर्विलांस की मदद से महज 5 घंटे के भीतर महिला आरोपी मनिंदर कौर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपने भाई अमनप्रीत के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अमनप्रीत सिंह को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

# एई 18 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** सीबीआई ने शाहदरा दक्षिणी जोन के निगम कार्यालय में तैनात एक सहायक अभियंता को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित एई को 18 हजार रुपए की रिश्वत लेते समय दबोच लिया गया।

सीबीआई के मुताबिक इस मामले में 18 मार्च 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि आरोपित एई ने उनकी बिल वेरिफिकेशन फाइल पास करने के बदले 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगे हैं। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जांच की और जाल बिछाया और आरोपित को 18 हजार रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है। सीबीआई अधिकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा।

# आबकारी नीति पर लोक लेखा समिति की रिपोर्ट में सख्त सिफारिशें, सदन करेगा फैसला

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में सोमवार को 16 साल बाद, 2009 के बाद लोक लेखा समिति की रिपोर्ट पेश की गई। समिति ने स्वास्थ्य सेवाओं, आबकारी नीति और प्रदूषण पर पिछले साल पेश की गई सीएजी रिपोर्ट पर अपनी रिपोर्ट सदन पटल पर रखी और पिछली सरकारों के खिलाफ सख्त सिफारिशें की।

शराब नीति पर सीएजी रिपोर्ट को लेकर लोक लेखा समिति की रिपोर्ट पर अजय महावर ने कहा, नीति में कई खामियां थीं।

तत्कालीन वित्त एवं आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया की भूमिका संदिग्ध है। कई फैसले संदेहास्पद हैं, समिति की सिफारिश है कि कार्रवाई का फैसला सदन करे लेकिन शराब नीति से दो हजार करोड़ रूपए के राजस्व की हानि हुई है।

अजय महावर ने बढ़ते वाहनों से प्रदूषण पर लोक लेखा समिति की रिपोर्ट रखते हुए कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर खामियां मिली हैं। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं ठीक होती तो वाहनों की संख्या न बढ़ती और न ही प्रदूषण। पिछली सरकारों ने इस दिशा में ठीक से काम किया होता तो प्रदूषण स्तर नियंत्रित रहता।

# जहां चला था शहीद-ए-आजम भगत सिंह का मुकदमा वही स्थल अब बना प्रेरणा का केंद्र: सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली:** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के शहीद दिवस पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्लियामेंट स्ट्रीट स्थित आरसीएस कार्यालय में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही, परिसर में पुनर्निर्मित ऐतिहासिक कोर्ट ट्रायल रूम का भी उद्घाटन किया गया। यह वही ऐतिहासिक स्थान है, जहां स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव पर मुकदमा चलाया गया था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा व शहीद भगत सिंह के पोते यादविंदर सिंह संधू सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 मार्च का दिन पूरे देश के लिए गर्व और भावनात्मक स्मरण का अवसर है। यह दिन हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस ऐतिहासिक परिसर में उन स्मृतियों को पुनर्जीवित होते देखना हर भारतीय के लिए गर्व और भावनाओं से भर देने वाला क्षण है।

सीएम ने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल का संरक्षण और पुनरुद्धार केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि राष्ट्र की विरासत को सहेजने का महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे आने वाली पीढ़ियां स्वतंत्रता संग्राम के उस गौरवशाली इतिहास को समझ सकेंगी।

प्रत्येक भारतीय को स्थल का अवश्य भ्रमण करना चाहिए, ताकि वे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग,संघर्ष को निकट से अनुभव कर सकें। शहीद भगत सिंह की यह प्रतिमा युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को अन्याय विरुद्ध संघर्ष करने और राष्ट्र को अपना सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा देती रहेगी। समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि जहां कभी इंकलाब के नारे गूंजा करते थे, जहां कभी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पेशी हुआ करती थी, उन ऐतिहासिक पलों से जुड़े तथ्यों को हमने सहेजने का प्रयास किया है।

## स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने अर्पित की पुष्पांजलि

**नई दिल्ली:** शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का अडिग साहस और क्रांतिकारी भावना हमारे राष्ट्र की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्रियों के साथ शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन तीनों नायकों की शहादत हर भारतीय के लिए प्रेरणा का एक शाश्वत स्रोत है, जो युवाओं को आधुनिक भारत में प्राप्त स्वतंत्रता के लिए चुकाई गई भारी कीमत की याद दिलाती है। यह श्रद्धांजलि न केवल 1931 के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण थी, बल्कि दिल्ली के जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदों के न्याय और देशभक्ति के आदर्शों को बनाए रखने का एक सामूहिक संकल्प भी थी।

## राजधानी के 125 स्कूल पुस्तकालय होंगे हाईटेक

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के वर्ष 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में स्कूल शिक्षा को बेहतर बनाने के क्रम में राजधानी के 125 सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों को आधुनिक डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इन लाइब्रेरी में 20 डिजिटल डिवाइस, हेडफोन, एक लाइब्रेरी कियोस्क, चार्जिंग कार्ट और प्रिंटर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि छात्र तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से अध्ययन कर सकें।सर्वेक्षण के अनुसार पहली से आठवीं कक्षा तक के करीब 7.5 लाख छात्रों में पढ़ाई से जुड़ी कमियां यानी लर्निंग गैप सामने आई हैं। सितम्बर 2025 में किए गए प्रारंभिक मूल्यांकन में यह पाया गया कि कई विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता और गणितीय कौशल कमजोर हैं। इसी आधार पर शिक्षण में सुधार के लिए विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम तैयार किए गए हैं।छात्रों की सीखने की क्षमता के अनुसार उन्हें चार वर्गोंबिगिनर, इमर्जिंग, प्रोग्रेसिव और प्रोफिशिएंट में विभाजित किया गया है। दूसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए मध्यावधि परीक्षाओं के बाद एससीईआरटी द्वारा विकसित रेडीनेस मॉड्यूल के माध्यम से सुधारात्मक पढ़ाई कराई जा रही है। यह पहल निपुण संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत लागू की जा रही है। समावेशी शिक्षा की दिशा में नए कदमः शिक्षा क्षेत्र में समावेशिता को मजबूत करने के लिए कई अहम पहल कर रही है। वर्ष 2025 में गंभीर दिव्यांगता वाले 879 बच्चों को गृह-आधारित शिक्षा से जोड़ा गया।

# सरकार ने पिछले साल का आर्थिक सर्वेक्षण परोसा: यादव

नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण दिल्ली की कमजोर होती आर्थिक स्थिति को उजागर करता है।

यादव ने कहा कि कई महत्वपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए गए। ऐसा लग रहा है कि पिछले वर्ष के लिए तैयार आर्थिक सर्वेक्षण के आंकडें को ही इस वर्ष कुछ बदलाव के साथ पेश कर दिए गए। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में 75 स्कूलों के नाम बदल सीएम श्री स्कूल रखा गया लेकिन एक भी नया स्कूल नहीं खोला गया।

यादव ने कहा कि दिल्ली की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2023-24 में 9.63 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में मात्र 6.23 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में दिल्ली की जीडीपी वृद्धि लगातार राष्ट्रीय औसत से कम रही है। वहीं, 2025-26 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की वृद्धि 9.42 प्रतिशत अनुमानित है। जो पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के 13.43 प्रतिशत के स्तर से काफी कम है। यादव ने कहा कि पिछले 14 वर्षों में यह पांचवीं बार है जब दिल्ली की आर्थिक वृद्धि दर दो अंकों से नीचे रही है, जो राजधानी की आर्थिक रफ्तार में निरंतर गिरावट को दशार्ता है।

# मिलावटी खानपान का सामान बेचने वालों के लिए तय हो फांसी की सजा

नई दिल्लीः **दिल्ली** विधानसभा में भाजपा विधायक कुलवंत राणा ने कहा कि मिलावट करने वालों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। विधायक डॉ. अनिल गोयल ने 1975 के लोकतंत्र सेनानियों के लिए चिकित्सा सेवाएं, सम्मानराशि को तुरंत जारी करने का आग्रह किया। भाजपा विधायक ओमप्रकाश शर्मा ने विश्वास नगर विधानसभा के आनंद विहार, मानक विहार सहित कई इलाकों में सीवरयुक्त पानी आपूर्ति की शिकायत रखी। जबकि घोंडा विधायक अजय महावर ने शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन की दूसरी एंट्री खोलने की ओर ध्यान आकर्षित करवाया। भाजपा विधायक संजय गोयल ने निजी अस्पतालों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के मरीजों का इलाज न करने, 51 अस्पतालों को न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने की ओर ध्यान आकर्षित करवाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग रखी। मटियाला विधायक संदीप सहरावत ने कृषि भूमि पर अवैध कालोनियां बनाने का मामला रखते हुए मास्टर प्लान, लैंड पूलिंग पॉलिसी लागू करने की मांग रखी। मुस्तफाबाद से भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट डीडीए के नकारात्मक रवैए के चलते स्कूल जमीन ट्रांस्फर न होने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मुद्दा रखा जबकि संगम विहार से विधायक चंदन कुमार चौधरी ने भी डीडीए जमीन पर अवैध कब्जे न हटाकर वहां अस्पताल बनवाने की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करवाया।

## वकील की स्कूटी को कार ने टक्कर मारी, घायल

**नई दिल्ली:** साकेत इलाके में कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार वकील घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घायल हालत में वकील को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में मनोज कुमार गौतम (44) ने बताया कि वह साकेत कोर्ट में वकालत करते हैं। वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर कृष्णा पार्क, देवली रोड खानपुर स्थित अपने घर जा रहे थे। जब वह एमबी रोड पर पहुंचे तो अचानक सफेद रंग की कार ने उनकी लापरवाही व तेज गति से गाड़ी चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। कार का नंबर वह नोट नहीं कर पाए। होश में आने पर वह अपने घर पहुंचे। इसके बाद अपनी पत्नी के साथ एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हुए। उपचार के बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर 21 मार्च को केस दर्ज किया।

# भगत सिंह एवं साथियों के बलिदान दिवस पर भाजपा नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्लीः** शहीद भगत सिंह व क्रांतिकारी साथी राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस पर सोमवार 23 मार्च को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक सतीश उपाध्याय, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, प्रवक्ता यासिर जिलानी समेत अन्य नेताओं ने भगत सिंह व अन्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज भी भगत सिंह का साहस और वैचारिक स्पष्टता करोड़ों भारतीयों को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक हैं।

जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि इन तीनों क्रांतिकारियों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारों से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी थी और 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दी गई, जिसे आज हम शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान केवल एक राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि देश के युवाओं के लिए देशभक्ति की एक मशाल थी। आज भी उनका साहस और वैचारिक स्पष्टता करोड़ों भारतीयों को प्रेरित करती है। इन महान सपूतों का बलिदान इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

Jai Santoshi Maa

CIN No.: U45201DL2005PTC133194
GSTIN DELHI: 07AAICS8637E123
GSTIN HARYANA: 06AAICS8637E224 GSTIN MADHYA PRADESH: 23AAICS8637E129
PAN: AAICS8637E
Trademark Registered & Also have ESI & EPF registration

Tel. : 011-25073689, 28084389
Mobile: 9810258654, 9810658654
E-mail: info@swamicontractors.com
ajitswami@swamicontractors.com
swamicontractors@gmail.com

SWAMI CONTRACTORS PVT. LTD. Regd.
An ISO 9001-2015 Certified Company
Licenced by Contractors Council of India
Govt. & Private Contractors, Civil, Electrical, Fire Fighting Works & Constructions
Registered with Central Public Works Department (CPWD), Govt. of India & Class-I Contractor of PWD Haryana
Registered with NCT of Delhi for Electrical Work and NSIC with MSME

# एनडीएमसी के पार्क में लोगों को ईपीडीएम वॉकिंग ट्रैक व खेल सुविधा मिलेगी

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को भारती नगर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पार्क के व्यापक पुर्नविकास कार्य का शिलान्यास किया।

चहल ने बताया कि निर्णय लिया गया कि भारती नगर के गेट नंबर -3 और 4 के बीच, बाउंड्री वॉल के साथ स्थित पार्क को कॉलोनी के निवासियों की सुविधा के लिए आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए। इसी के तहत एक डिजाइन तैयार किया गया है, जिसमें कई आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। इनमें ओपन एयर जिम, तीन ओर कांच की दीवारों वाला कवर जिम, बैठने की बेंच और परगोला सहित विश्राम क्षेत्र, बच्चों के खेलने का क्षेत्र तथा स्पोर्ट्स जोन शामिल हैं। इसके अलावा पार्क के चारों ओर चलने और जॉगिंग के लिए ईपीडीएम फ्लोरिंग वाला विशेष ट्रैक भी बनाया जाएगा।

इस पार्क का कुल क्षेत्रफल लगभग 1750 वर्ग मीटर है, जिसमें से लगभग 925 वर्ग मीटर क्षेत्र में ईपीडीएम रनिंग/वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा, जबकि करीब 290 वर्ग मीटर क्षेत्र में पीयू स्पोर्ट्स फ्लोरिंग की जाएगी। इसके साथ ही बैडमिंटन और बास्केटबॉल का संयुक्त कोर्ट भी विकसित किया जाएगा। पार्क में हरियाली बढ़ाने के लिए बागवानी और लैंडस्केपिंग का भी विशेष प्रावधान किया जाएगा। चहल ने बताया कि इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 93 लाख रुपए है और इसे 18 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आप सरकार ने तो पहले 5 साल में फायर इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार फंड पर ध्यान नहीं दिया: सचदेवा

**नई दिल्ली** : प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में पालम अग्नि हादसे पर दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने साफ बताया है कि दिल्ली फायर सेवा के रखरखाव एवं अपग्रेडेशन में 2015 से 2024 के बीच में तत्कालीन अरविंद केजरीवाल सरकार के कार्य पूर्ण रूप से लापरवाही पूर्ण थे। फरवरी 2015 में बनी आप सरकार ने तो पहले 5 साल में फायर इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार फंड न बराबर ही दिया। लापरवाही के जो आंकड़े रखे गए उसके बाद अब अरविंद केजरीवाल दिल्ली में विगत 11 साल में आग हादसों में मरे लोगों के परिजनों के प्रति जवाबदेह हैं।



सचदेवा ने कहा कि मंत्री सूद ने दिल्लीवालों यह बता कर स्तब्ध कर दिया कि विगत 11 साल में सैकड़ों दुखदाई आग घटनाओं के बावजूद भी तत्कालीन अरविंद केजरीवाल ने 3 दशक में बदली दिल्ली में रिहायशी क्षेत्रों, अनधिकृत कॉलोनियों में फायर सेवा नियम लागू करने से लेकर फायर ब्रिगेड इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार पर विधानसभा में कभी चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने अपने शासनकाल में फायर ब्रिगेड सेवा इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए 2015-16 में मात्र 4.72 करोड़ रूपए, 2016-17 मात्र 8 करोड़ रूपए दिये, 2018-19 में मात्र 5 करोड़ रूपए तो दूसरे कार्यकाल में 2021-22 में मात्र 20 करोड़ रूपए दिए जो फंड जरूरतों के सामने ऊंट में जीरे के सामान राशि थी और यही कारण है कि दिल्ली फायर ब्रिगेड सेवा आज चरमराई हुई है।

सचदेवा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार के शासन में फायर कार्यालय में लगी आग से फायर ऑपरेशन के दौरान फायर अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच का कम्युनिकेशन सिस्टम लगभग 9 साल बंद रहा और शायद इसीलिए गत एक दशक में अनेक बड़ी आग लगीं जिनसे लड़ने में फायर ब्रिगेड सेवा विफल रही। उन्होंने कहा कि 2019 से फरवरी 2025 के सत्ताकाल में केजरीवाल सरकार ने अनेक प्रस्ताव बनाये पर ब्रांटो मशीन खरीदी ही नहीं।

जबकि दिल्ली में भाजपा की सरकार के गठन के मात्र एक साल में भाजपा सरकार ने पहले वर्ष में ही 180 करोड़ रूपए दिल्ली फायर ब्रिगेड इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन के लिए दिए हैं और फायर विभाग का 9 साल से ठप कम्युनिकेशन सिस्टम भी चालू करवाया है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार एक वर्ष में फायर ब्रिगेड इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सेवा में ठोस सुधार करके सिर्फ 2027 की दिल्ली की नहीं 2047 की दिल्ली की जरूरतों के अनुरूप फायर ब्रिगेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेंगे।

## कानूनी सहायता केंद्र

आप सभी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को सूचित किया जाता है कि संगठन के अन्तर्गत एक मजबूत कानूनी सहायता केन्द्र संचालित हो रहा है जिसके प्रभारी एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह जी हैं जो कानूनी मामलों के अनुभवी जानकार होने के साथ-साथ अपनी जस्टिस लीग नाम से अपनी एक लॉ फार्म भी चलाते हैं। हमारे इस केंद्र में सभी प्रकार की दिवानी और फौजदारी केसों के अलावा लेबर, मैरिज, मेडिकल, मीडिया, कॉरपोरेट और पारिवारिक विवादों के साथ NDPS, PMLA, ED, CBI, N.I.A. से संबंधी केसों में भी नि:शुल्क बेहतरीन परामर्श दिया जाता है, साथ ही जनहित से जुड़े मामलों में PIL भी डाली जाती है।

अत: कोई भी व्यक्ति इनकी सेवाएं ले सकता है।

(संपादक)



एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह
दिल्ली हाई कोर्ट
CEO, Justice League
मोबाइल: 9821510040

स्वात्वाधिकारी दिल्ली टाइम्स न्यूज़ के लिए प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक डॉ. जसवीर आर्य द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस, 656 बल्लीमारान, दिल्ली से मुद्रित तथा लोकप्रिय दिल्ली टाइम्स कार्यालय प्लॉट नं0 4 चंद्रा पार्क, द्वारका मोड़ हाईवे, नई दिल्ली 110078 से प्रकाशित।
Mobile :9212412283 नोट- किसी भी वाद-विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली रहेगा। इस अंक में प्रकाशित किसी भी सामग्री से संपादक एवं प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रधान संपादक डॉ जसवीर आर्य (RNI No 60966/1997) www.delhitimesnews.com